एक नजर में

खजराना मंदिर में ई-हुंडी का शुभारंभ

इंदौर . भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इन्दौर के प्रतिष्ठित खजराना मंदिर में दर्शनार्थियों के लिए दान की सुविधा हेतु वर्चुअल क्यूआर कोड के साथ नई डिजिटल दान प्रणाली ई-हुंडी का शुभारंभ किया गया है . आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में इन्दौर के सर्वाधिक आध्यात्मिक स्थलों में से एक खजराना घणेश मंदिर ने आज आधिकारिक तौर पर अपना ई-हुंडी (इलेक्ट्रॉनिक डोनेशन बॉक्स) स्थापित किया है . इस प्रणाली का शुभारंभ एसडीएम प्रदीप सोनी ने मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट, मंदिर अधिकारी घनश्याम शुक्ला, गौरीशंकर मिश्रा तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख इन्दौर अजीत कुमार लालवानी, सीबीसी इन्दौर प्रमुख पार्थिव एम . बैंकर, भक्तों और मीडिया की उपस्थिति में किया . यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान की जाने वाली उपरोक्त सुविधा के साथ श्री खजराना गणेश मंदिर के भक्त बिना किसी रूकावट ई-हुंडी के माध्यम से वाहन पूजा, जल अभिषेक, भक्त निवास बुकिंग, भक्त सदन हॉल बुकिंग तथा अन्नक्षेत्र योगदान कर सकते हैं . ई-हुंडी एक सुरक्षित एवं संपर्करहित डिजिटल समाधान है, जो भक्तों को यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और क्यूआर कोड का उपयोग करके प्रसाद का योगदान करने, दान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और भौतिक नकदी के उपयोग को कम करने की सुविधा प्रदान करता है .

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का गृह मंत्रालय द्वारा निरीक्षण

इंदौर . गृह मंत्रालय, भारत सरकार के उपनिदेशक नरेंद्र सिंह मेहरा द्वारा देवास शाखा (क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर) का राजभाषा निरीक्षण किया गया . देवास शाखा के शाखा प्रमुख जतिन सिंघल, राजीव तिवारी (मुख्य प्रबंधक - राजभाषा) एवं बंदना साव राजभाषा अधिकारी ने पुष्पगुच्छ से उपनिदेशक का स्वागत किया . निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक ने शाखा के उपस्थिति पंजिका, आवक जावक रजिस्टर, एटीम रजिस्टर, स्टाफ मीटिंग रजिस्टर, ग्राहक मीटिंग तथा फाइलों की जांच की . भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप कार्य करने के लिए उपनिदेशक ने शाखा प्रबंधक जतिन सिंघल की प्रशंसा की एवं शाखा के सभी कार्मिकों द्वारा राजभाषा में किए गए कार्यों की सराहना की .

मंत्री ने किया गेम ज़ोन का उद्घाटन

इंदौर . इंदौरवासियों के लिए फैमेली गेम जोन नीऑन पांडा का उद्घाटन शहरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया . उन्होंने कहा कि शहर में इस तरह फैमिली एंटरटेनमेंट गेम जोन की बहुत जरूरत थी, जिसमें बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए कई गेम्स मौजूद हों . यह मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा और रोमांचक फैमिली गेम ज़ोन होगा, जो परिवारों, युवाओं और बच्चों के लिए बेहतरीन मनोरंजन का अनुभव प्रदान करेगा . फीनिक्स सिटाडेल मॉल के पास स्थित 'नीऑन पांडा' में पहली बार इंदौर को मिलने जा रहा है सबसे बड़ा ट्रेमपॉलिन, बोलिंग और लेजर टैग का गेमिंग जोन . इसके अलावा नीऑन पांडा में क्रिकेट, शूटिंग और कई अन्य एक्टिविटीज़ भी उपलब्ध हैं, जो हर उम्र के लोगों को एक नई और रोमांचक दुनिया में ले जाती हैं . नीऑन पांडा के राघव सोमानी ने कहा कि हम इंदौर में इस अनोखे एंटरटेनमेंट स्पेस को लॉन्च करके बेहद उत्साहित हैं . हमारा उद्देश्य है परिवारों को ऐसा अनुभव देना जो मनोरंजन, फिटनेस और टेक्नोलॉजी का बेहतरीन मेल हो . नीऑन पांडा सिर्फ एक गेम ज़ोन नहीं, बल्कि एक नई लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन है .

न्यू निसान मैग्नाइट को मिली 5 स्टार रेटिंग

इंदौर . निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने नई निसान मैग्नाइट को ग्लोबल न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) द्वारा ओवरऑल सेफ्टी के मामले में 5-स्टार रेटिंग मिलने की जानकारी दी है . जीएनसीएपी की तरफसे इसका परीक्षण किया गया और इसे वयस्कों की सुरक्षा के मामले में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग एवं बच्चों की सुरक्षा के मामले में 3-स्टार रेटिंग मिली . साथ ही यात्रियों की संपूर्ण सुरक्षा के लिए इसे 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली . निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा हमें अपनी मेड इन इंडिया न्यू निसान मैग्नाइट के लिए 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिलने की खुशी है सुरक्षा हमारी इंजीनियरिंग के केंद्र में है और ग्राहकों को सुरक्षित, भरोसेमंद, टेक्नोलॉजी के स्तर पर उन्नत एवं सुरक्षित वाहन देने की हमारी प्रतिबद्धता में इसकी झलक दिखती है . हमारी वन कार, वन वर्ल्ड स्ट्रेटजी के तहत निसान घरेलू एवं निर्यात बाजारों के लिए भारत में सर्वोच्च गुणवत्ता वाली एवं सबसे सुरक्षित कारें बनाने व बेचने के लिए प्रतिबद्ध है .

रियलमी 15प्रो और रियलमी 15 5जी लांच

इंदौर . रियलमी, भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड ने आज रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी लॉन्च किए . ये स्मार्टफोन एआई पार्टी फोन हैं, जो बेहतरीन कैमरा, एडवांस्ड एआई और शानदार परफॉरमेंस के साथ उद्योग में नया मानक स्थापित करते हैं . युवाओं की विविध जीवनशैली के अनुरूप डिज़ाइन की गई, रियलमी 15 सीरीज़ में 50एमपी के अल्ट्रा-क्लियर ट्रिपल कैमरे के साथ 4के 60एफपीएस वीडियो रिकॉर्डिंग दी गई है, जिससे हर अवसर पर और हर एंगल से स्पष्ट एवं क्रिस्टल-क्लियर शॉट्स मिलते हैं . इसमें दुनिया की पहली एआई एडिटिंजनी टेक्नोलॉजी के साथ शानदार एआई इमेजिंग और खास युवाओं के लिए निर्मित एक विशेष एआई पार्टी मोड भी है . रियलमी 15 प्रो 5जी में 50एमपी का ट्रिपल अल्ट्रा क्लैरिटी कैमरा सिस्टम है . रियलमी 15 5जी में दो शक्तिशाली 50एमपी कैमरे हैं . पहला कैमरा बड़े सेंसर के साथ 50एमपी सोनी आईएमएक्स882 ओआईएस फ्लैगशिप मुख्य कैमरा है, तथा दूसरा कैमरा 50एमपी ओवी50डी फ्रंट कैमरा है . यह कैमरा सिस्टम यूज़र्स को बिल्कुल क्लियर और शानदार सेल्फी, ग्रुप फ़ोटो और कम रोशनी में भी कैप्चर करने में समर्थ बनाता है .

मेकमायट्रिप ने लॉन्च किया ग्लोबल बुकिंग प्लेटफॉर्म

इंदौर . भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने वैश्विक अनुभवों की दुनिया में कदम रखते हुए अपने नए टूर्स एंड अट्रैक्शंस बुकिंग प्लेटफॉर्म की शुरुआत की है . इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए भारतीय यात्री अब 130 देशों के 1100 शहरों में 2 लाख से ज़्यादा एक्टिविटीज़- जैसे सिटी वॉक, कल्चरल टूर, थीम पार्क और एडवेंचर स्पोर्ट्स- आसानी से सर्च और बुक कर सकेंगे . मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ, राजेश मागो ने कहा जब भारतीय विदेश यात्रा करते हैं, तो अनुभवों पर किया गया खर्च उनकी कुल यात्रा लागत का बड़ा हिस्सा होता है . फिर भी, इन अनुभवों को ढूंढना और बुक करना अभी भी यात्रा की सबसे जटिल प्रक्रिया है . हम चाहते हैं कि जैसे हम फ्लाइट, होटल और स्थानीय परिवहन की बुकिंग को आसान और व्यक्तिगत बनाते हैं, वैसे ही अनुभवों की खोज और बुकिंग को भी सरल और सुविधाजनक बनाएं .

जब पॉडकास्टर्स बने पॅनेलिस्ट

इंदौर . जो अक्सर सवाल पूछते हैं, इस बार खुद सवालों के घेरे में थे! देश की सबसे वायरल आवाज़ें- जो आमतौर पर लोगों की क्लास लगाती हैं ङ्क इस शनिवार द ग्रेट इंडियन कपिल शो में खुद हॉट सीट पर बैठीं . सौरभ द्विवेदी, समदीश, कामिया जानी और राज शमानी ने कपिल शर्मा के काउच पर संभाली कमान, और जान लिया कि माइक्रोफोन के दूसरी ओर बैठना कैसा होता है . कपिल शर्मा ने मजेदार अंदाज़ में कहा, इन चारों ने लगभग हर बड़े सेलिब्रिटी का इंटरव्यू ले लिया है, और सबकी विशलिस्ट में एक ही नाम था ङ्क तो सोचा चारों को एक साथ ही बुला लूं! राजनीति से लेकर सेलिब्रिटी चटपटी बातों तक, ये चारों आमतौर पर कड़े सवाल पूछने और तीखी सच्चाई सामने लाने के लिए जाने जाते हैं . मगर कपिल के मंच पर माहौल कुछ और ही ज़्यादा धमाकेदार और हंसी से भरपूर होता है और फिर आई असली कहानियां .

रात में झमाझम बारिश, मौसम में घुली ठंडक, गर्मी से मिली निजात

इंदौर. शुक्रवार शाम बादल शहर पर मेहरबान हो गए और जमकर बरसे. शाम से शुरू हुई बारिश रात तक जारी रही. इस दौरान कभी तेज तो कभी धीमी बारिश होती रही. इस बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिला दी. मौसम में ठंडक घुल गई. कुछ देर तेज बारिश के बाद देर रात तक रिमझिम बारिश जारी रहीं.

शुक्रवार दोपहर तक गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया हुआ था. शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए. शाम 6 बजे रिमझिम बारिश से शुरूआत और फिर रात में जमकर बरस पड़े. इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज तो कहीं जोरदार बारिश हुई. सड़कों पर पानी बह निकला. आंकड़ों में ज्यादा बारिश दो दर्ज नही हुई लेकिन मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से निजात मिल गई. बारिश के कारण कई जगह जलजमाव की स्थिति भी बनी. इससे वाहन चालक परेशान होते रहे. कई क्षेत्रों में जाम भी लगा. राजबाड़ा, पलासिया, एमजी रोड और कुछ अन्य क्षेत्रों में जाम की स्थिति देखी गई. शाम को ट्रैफिक का लोड अधिक होने और कई जगह निर्माण कार्य होने की वजह से यह स्थिति बनी. उल्लेखनीय है कि बीते तीन दिनों में शहर में 7 मिमी तक भी बारिश दर्ज नहीं हुई थी, लेकिन शुक्रवार को मौसम ने राहत दी। शुक्रवार को दिन में तापमान 5 डिग्री की उछाल के साथ 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है. हालांकि, रात की बारिश ने फिर से मौसम में ठंडक ला दी.

रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल का प्रतिष्ठापन समारोह

इंदौर. रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल का 48वां प्रतिष्ठापन समारोह जाल सभाग्रह में संपन्न हुआ. इस अवसर पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय इंदौर खंडपीठ के रूायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल एवं सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे को रोटरी की शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति शुक्ला ने कहा कि रोटरी का मुख्य उद्देश्य जन -कल्याण मानव सेवा और आपस में भाईचारा सद्भावना लाना है. नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित अग्रवाल सहित 14 नये सदस्यों को भी रोटरी की शपथ दिलाई गई. इस मौके पर रोटेरियन नीतिन डफरिया, हातिम अनंत, श्रीमती शांता पारेख, जयश्री व्यास, आशीष राजकोटिया विशेष रूप से उपस्थित थे. डॉ. दिल्लीवाल ने कहा कि हम इंदौर में जल्द ही स्वस्थ दंत मुख अभियान प्रारंभ करेंगे. इस अभियान में सभी दंत चिकित्सक सहभागिता करेंगे. अतिथि परिचय रमेश तिवारी दिया. संचालन डॉ. सुधींद्र मोहन शर्मा ने किया. आभार माना पुरुषोत्तम वाघमारे ने.

शहर में स्मार्ट सिटी बना रहा दो सौ बस स्टॉप

30 बन चुके, 20 इस महीने के अंत तक और

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में स्मार्ट सिटी द्वारा 200 सौ बस स्टॉप बनाए जा रहे है. बस स्टॉप पीपीपी मोड पर एक कंपनी शहर में बनाकर्दे दी है, जिसको स्मार्ट सिटी ने 25 वर्ष के विज्ञापन अधिकार के साथ अनुमति दी है. विशेष बात यह है कि एक बस स्टॉप के निर्माण पर 8 लाख रुपए निर्माण लागत आ रही है, जो ठेकेदार कंपनी वहन कर रही है.

स्वच्छता के बाद शहर में आधुनिक और विदेश स्टाइल के बस स्टॉप बनाए जा रहे है. स्मार्ट सिटी के माध्यम से शहर में 2 सौ बाद स्टॉप बनाने का कार्य चल रहा है. स्मार्ट सिटी ने मेसर्स विजय प्रताप शर्मा के साथ पीपीपी मोड पर बस स्टॉप निर्माण का अनुबंध किया है. मेसर्स विजय प्रताप शर्मा कंपनी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों और स्थानों पर बस स्टॉप बनाए जाएंगे. इसके एवज में कंपनी को एक बस स्टॉप के निर्माण पर 8 लाख और सभी 200 सौ बस स्टॉप निर्माण करने पर 16 करोड़ रुपए की लागत आएगी. अभी तक शहर में 30 बस स्टॉप बन चुके है और 20 बस स्टॉप महीने अंत तक शुरू हो जाएंगे. शेष बस स्टॉप अगले साल जुलाई 26 तक पूरे निर्मित हो जाएंगे.

25 साल के लिए विज्ञापन अधिकार

कंपनी द्वारा पीपीपी मोड पर पैसा लगाने के बदले स्मार्ट सिटी द्वारा कंपनी को 25 साल के लिए बस स्टॉप पर विज्ञापन अधिकार दिया गया है . बैक स्टॉप पर जो भी विज्ञापन प्रदर्शित होगा, उसकी राशि लेने का अधिकार कंपनी को होगा . कंपनी विज्ञापन की राशि तय मानकों के अनुसार वसूल करेगी . स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह ने बताया कि बस स्टॉप निर्माण का काम चल रहा है . कंपनी को स्मार्ट सिटी द्वारा पीपीपी मोड पर 25 साल के लिए विज्ञापन अधिकार के साथ दो सौ बस स्टॉप निर्माण का अनुबंध किया है .

स्नेह धाम भवन में 5 बुजुर्ग पहुंचे

सितंबर तक फुल हाउस होने की संभावना

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए द्वारा योजना 134 में सीनियर सिटीजन के लिए स्नेह धाम भवन निर्मित किया गया है. इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री ने 25 जून को किया था. उक्त भवन में फिल्हाल 5 सीनियर सिटीजन रहने पहुंच गए है.

बड़े शहरों के साथ इंदौर भी सीनियर सिटीजन हाउस और गेस्ट हाउस संस्कृति की तरफ बढ़ रहा है. इसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश के पहले सीनियर सिटीजन बिल्डिंग का निर्माण आईडीए द्वारा किया गया है. इसका रखरखाव और संचालन का ठेका रतलाम की बालाजी सेंट्रल होटल्स ने लिया है. आईडीए की योजना 134 में स्थित बिल्डिंग का नाम स्नेह धाम भवन रखा गया है. उक्त स्नेह धाम भवन में बुजुर्गों के लिए सिक्युरिटी गार्ड, नर्स, डॉक्टर्स, फिजियोथेरेपी जैसे कई सुविधाएं हैं. आईडीए द्वारा यह भवन उन बुजुर्गो के लिए तैयार किया गया है, जिनके बच्चे और परिवार बाहर दूसरे शहरों या विदेशों में रहते हैं. इसे सीनियर सिटीजन का अकेलापन दूर करने के लिए स्नेह धाम, सीनियर सिटीजन हॉस्टल और गेस्ट हाउस का चलन शुरू हुआ है. देश के मुंबई, पुणे , बेंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद में सीनियर सिटीजन के लिए गेस्ट हाउस और हॉस्टल्स संचालित किए जा रहे है. यह कांसेप्ट भी बड़े शहरों में सफलता को छू रहा है. इंदौर भी इस संस्कृति को स्वीकार करने वाले शहरों में शामिल हो गया है.

30 से ज्यादा पूछताछ

आईडीए ने तय नियम शर्तो के साथ बिल्डिंग ठेकेदार कंपनी को 1 जुलाई सौंप दी है . इसके बाद सीनियर सिटीजन का आना शुरू हो गया है . अभी बिल्डिंग में 5 बुजुर्ग रहवासी रहने पहुंच गए है . बिल्डिंग के स्थानीय मुख्य प्रबंधक विवेक तिवारी ने बताया कि अभी 5 बुजुर्ग आ गए है . दूसरे शहरों से पूछताछ की जा रही है . स्थानीय स्तर पर 30 से ज्यादा पूछताछ की गई है . सितंबर तक 32 फ्लैट के स्नेह धाम भवन में जगह खाली नही होगी, पूर्ण फ्लैट बुक हो जाएंगे .

तीन साल से ज्यादा समय से अधूरा पड़ा शौचालय

महापौर की नाराजगी के बाद ठेकेदार निलंबित

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम के वार्ड 61 में पिछड़े तीन सालों से शौचालय का काम अधूरा पड़ा है. इस बात का खुलासा आज महापौर द्वारा वार्ड निरीक्षण के दौरान पार्षद के जानकारी देने पर हुआ. महापौर ने नाराजगी जाहिर कर ठेकेदार कंपनी को निलंबित करने के आदेश अधिकारियों को दिए.

आज सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव नगर निगम वार्ड 61 में विकास कार्यों का दौरा करने पहुंचे. इस दौरान पार्षद भावना चौधरी ने बताया कि वार्ड का सार्वजनिक शौचालय निर्माण पिछड़े तीन सालों से अधूरा पड़ा है. इस कारण क्षेत्र की जनता सुविधा से वंचित हो रही है. इसके बाद महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्माता कंपनी को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए.

महापौर ने नाराजगी जाहिर करते हुए नगर निगम झोन क्रमांक 12 के अधिकारियों कहा कि क्षतिग्रस्त शौचालय को तोड़कर नए निर्माण का कार्य महज़ छह माह में पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि 38 महीने गुजर जाने के बाद भी निर्माण अधूरा ही पड़ा है.इसके बाद निगम झोनल अधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले मेसर्स राधेश्याम कंसल का अनुबंध तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है.

सिक्योरिटी की राशि भी राजसात की

निगम ने परफॉर्मेंस सिक्योरिटी की राशि भी राजसात कर दी है . साथ ही ठेकेदार को सात दिन के अंदर जवाब देने का नोटिस जारी किया है . नोटिस में ठेकदार कंपनी को पूछा है कि क्यों ना आगामी तीन वर्षों तक निगम की किसी भी निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाए .

मिशन अंकुर से बच्चों की शिक्षा में आया बदलाव

नव भारत न्यूज

इंदौर. जुलाई 2013 में जब मैंने सीहौर ज़िले के प्राथमिक शाला नयाखंडबाद में अपनी सेवा की शुरुआत की, तो मेरे सामने कई चुनौतियां थीं. गाँव की सड़कें कच्ची थीं, और आने-जाने का कोई साधन नहीं थ.. मेरे पास भी कोई निजी वाहन नहीं था, इसलिए मुझे तीन किलोमीटर का सफर पैदल तयकरना पड़ता था. बारिश के मौसम में यह सफर और भी मुश्किल हो जाता था. कई बार रास्ते में मिलजाने वाले ट्रैक्टर पर सवार होकर भी मैं स्कूल पहुंचती थी.

उक्त जानकारी देते हुए भारती राजपूत ने बताया कि शुरुआती दिनों में बच्चे भी कम संख्या में आते थे. लेकिन बच्चों के साथ मेरा एक खास जुड़ाव होने लगा, खासकर जब वे देखते थे कि उनकी टीचर किसी कारण से लेट हो गई हैं, तो वे इंतजार करते थे. मैं पैदल आने के कारण साढ़ेग्यारह बजे स्कूल पहुंचती थी, लेकिन बच्चों का इंतजार मेरी मेहनत का सबूतथा. धीरे-धीरे, बच्चों और उनके परिवारों से मेरा जुड़ाव गहराता चला गया. इस जुड़ाव ने पढ़ाई को और अधिक प्रासंगिक और जीवंत बना दिया. जब एफएलएन कार्यक्रम शुरू हुआ और हमें शिक्षक संदर्शिका मिली, तो मुझे अपने शिक्षण को और बेहतर तरीके से संचालित करने में मददमिली. जब हमने उन्हें खेल-खेल मेंपढ़ाना शुरू किया और गतिविधियों में उन्हें शामिल किया, तो उनकी रुचिबढ़ने लगी. अब वे बच्चे मवेशियों को चराकर फिर विद्यालय आते हैं।

टीएलएम बनाना अब मेरी आदत में शामिल हो गया है. मैं बच्चों से लकड़ी केगुट्टे बनवाती हूं जो पासा का काम करते हैं, कागज़ के नोट बनाकर दिखातीहूं, और रेत पर ऊंगलियों के माध्यम से गिनती सिखाती हूं. मिशन अंकुर केआने के बाद मैंने बच्चों में एक बड़ा बदलाव देखा है. वे अब नियमित रूप से स्कूल आ रहे हैं, पढ़ाई में उनकी दिलचस्पी बढ़ रही है और तीसरी कक्षा केबच्चे हिंदी और गणित में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. मुझे गर्व है कि मेरी कोशिशें रंग ला रही हैं. पहले जहां दस में से दो बच्चे हीस्कूल आते थे, अब दस में से आठ बच्चे नियमित हो गए हैं। हमाराएनरॉलमेंट बढ़ा है और बच्चों के अंदर शिक्षा के प्रति एक नई जागरूकताऔर जोश देखने को मिल रहा है.

बैठक मंदिर में पूजन एवं अभिषेक की ऑनलाइन व्यवस्था के लिए ऐप बनेगा

खजराना गणेश मंदिर में 10 दिवसीय महोत्सव 27 अगस्त से

प्रबंध समिति की बैठक में लिया निर्णय

नव भारत न्यूज

इंदौर. गणेश मंदिर खजराना का 10 दिवसीय गणेश उत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा. दस दिवसीय उत्सव के दौरान रोजाना भजन संध्या और तीन दिन प्रमुख भजन गायकों की प्रस्तुति होगी. भगवान गणेश को चतुर्थी के दिन 1 लाख 51 हजार मोदक का भोग लगाया जाएगा और मोदक प्रसादी भक्तों को बांटी जाएगी.

27 अगस्त को गणेश चतुर्थी है और चतुर्थी के दिन से दस दिवसीय गणेश उत्सव प्रारंभ होगा. महोत्सव की तैयारियां को लेकर कलेक्टर ने गणेश मंदिर खजराना प्रबंध समिति की समीक्षा बैठक ली. बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को दर्शन और अन्य सभी सुविधाएं और व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं. श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए. महोत्सव 27 अगस्त को सुबह ध्वजा पूजन के साथ प्रारंभ होगा. मंदिर में भगवान गणेश का स्वर्ण आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा. भगवान गणेश को एक लाख 51 हजार मोदक का भोग लगेगा. साथ ही अन्न क्षेत्र में 10 दिनों तक भोजन की विशेष व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए रहेगी. 10 दिन तक मंदिर तक आने वाले मार्ग एकांकी रहेंगे.

दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए 4 बड़ी एलईडी स्क्रिन भी मंदिर परिसर में लगाई जाएगी. बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर निशा डामोर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, मंदिर के पुजारीगण और भक्त मंडल के सदस्य आदि मौजूद थे.

ऑनलाइन पूजन की व्यवस्था की जाना चाहिए

कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी व्यवस्थाओं की बिन्दुवार समीक्षा करने के दौरान बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन पूजन एवं अभिषेक की व्यवस्था की जाना चाहिए . इसके लिए मोबाइल ऐप और पोर्टल बनाने के आदेश दिए . बैठक में महोत्सव के समापन के दिन अनंत चतुर्दशी पर मंदिर द्वारा भगवान गणेश और विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित नयनाभिराम झाँकी निकाली जाएगी .